11 korba-pg1_Layout 1 4/11/2025 11:29 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



11 korba-pg2_Layout 1 4/11/2025 11:50 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### अंतर्राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जिले के चार खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक

**कोरबा।** संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन इंटरनेशनल गेम्स 2025 के द्वारा नेपाल के पोखरा मे रंगशाला स्टेडियम में 3 से 7 अप्रैल तक आयोजित 22 खेलों के महाकुंभ में जिले के चार खिलाड़ियों का चयन पावरलिफ्टिंग में हुआ था। इस चैंपियनशिप को इन्दु श्री ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा मेजबानी की गई थी यह नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल नेपाल के द्वारा समर्थित है तथा भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के अधिनियम के तहत स्थापित है. इस चैंपियनशिप में जूनियर कैटिगरी अंडर 23 प्रयांश सिंह कंवर बॉडीवेट 60 किलोग्राम ने पावरलिफ्टिंग में कुल योग 435 किलोग्राम का भार उठाकर स्वर्ण पदक सीनियर केटेगरी अंडर 30 कु. मोनिका बॉडीवेट 60 किलोग्राम ने कुल योग 255 किलोग्राम का भार उठाकर स्वर्ण पदक, जूनियर अंडर 23 नितेश कुमार बरेठ बॉडीवेट 68 किलोग्राम ने कुल योग 455 कि.ग्रा. का भार उठाकर स्वर्ण पदक, जूनियर अंडर 23 संदीप कुमार महतो कुल योग 395 किलोग्राम का भार उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किए हैं। खेलों के इस महाकुंभ में भारत के अलावा नेपाल, भूटान, श्रीलंका, पाकिस्तान, दुबई, म्यांमार, अफगानिस्तान ने हिस्सा लिया था। पावरलिफ्टिंग की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य ने अपना दबदबा बनाकर रखा है।

### जिला पंचायत में स्थाई समितियों का किया गया गठन

**कोरबा।** जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार सिंह एवं जिला पंचायत के स्थाई समिति गठन के पीठासीन अधिकारी श्री मनोज कुमार बंजारे की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला पंचायत के सभागार में जिला पंचायत की स्थायी समितियों का गठन पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों के तहत किया गया। पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों के तहत कृषि समिति की सभापति श्रीमती सुष्मिता अनंत, शिक्षा समिति की सभापति श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, संचार तथा संकर्म समिति के सभापति विनोद कुमार यादव, सहकारिता और उद्योग समिति की सभापति श्रीमती रेणुका राठिया, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति की सभापति श्रीमती माया रूपेश कंवर, वन समिति की सभापति श्रीमती सावित्री अजय कंवर, स्वच्छता समिति की सभापति श्रीमती सुषमा रवि रजक, पशुधन विकास समिति की सभापति श्रीमती शांति मरावी एवं सामान्य प्रशासन समिति के सभापति पवन कुमार सिंह को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। समिति गठन के दौरान जिला पंचायत के सभी सदस्य उपस्थित रही।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया जा रहा पोषण पखवाड़ा

**कोरबा।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक विभिन्न थीम के माध्यम से पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमति रेणु प्रकाश के मार्ग दर्शन एवं परियोजना अधिकारी श्रीमति कीर्ति जैन के निर्देश पर परियोजना स्तर पर सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 8 अप्रैल को नारा लेखन एवं सायकल रैली निकाली गई, 9 अप्रैल को सुपोषण चौपाल जिसमें पौष्टिक भोजन के गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी गई। सुपरवाइजर नीमा महंत ने तिरंगा भोजन एवं आस पास मिलने वाली हरी साग सब्जी भाजी अधिक से अधिक उपयोग कर खाने को कहा गया। वही हाथ की अच्छी तरह से हैंडवास साबुन आदि से साफ सफाई करने के बारे में जानकारी दी। गर्भ माह से दो वर्ष तक बच्चों को अर्थात 1 हजार दिवस अच्छे से देखभाल करने की जानकारी दी गई। सुपरवाइजर इन्दू तिर्की ने खान पान साफ सफाई स्वच्छता के बारे में देते हुए गर्भवती महिलाओं शिशुवती माताओं किशोरी बालिकाओं के बारे में जानकारी दी गई।

### चुनाव के पूर्व स्कूल का बंद काम अब तक शुरु नहीं



**चैतमा।** पंचायत भवन के अभाव में प्राथमिक शाला के अतिरिक्त भवन में संचालित हो रहा है। पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मानिकपुर में पंचायत भवन बनाने हेतु डीएमएफ मद से साढे 16 लाख की स्वीकृति मिली थी। जिसका निर्माण कार्य पंचायत द्वारा किसी ठेकेदार को दे दिया गया था लेकिन आचार संहिता लागू होने से उक्त कार्य को ठेकेदार द्वारा बंद करना पड़ा था। निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत राशि में से 40 प्रतिशत राशि का आहरण कर लिया गया है किंतु कार्य अभी तक आधा अधूरा पड़ा हुआ है जिसके चलते ग्राम पंचायत का कार्य संचालन हेतु प्राथमिक शाला में बने अतिरिक्त कमरे का उपयोग करना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों को एवं निर्वाचित पंच सरपंच को भी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मानिकपुर ही नहीं क्षेत्र के कई ग्राम पंचायत में भी डीएमएफ से स्वीकृत निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का ध्यान इस और आकृष्ट कराते हुए आधा अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर में भव्य आयोजन, फूलों की होली से लेकर जागरण तक होंगे अनेक कार्यक्रम

# हनुमान जन्मोत्सव की भक्ति में डूबेगा शहर व उपनगरीय क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रभु श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी के जन्मोत्सव पर कोरबा एक बार फिर भक्ति और उल्लास में डूबने जा रहा है। हेलीपैड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, सुभाष ब्लॉक में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का दायित्व पंचमुखी सेवा समिति एवं पंचमुखी सेना द्वारा निभाया जा रहा है।

इस पावन पर्व की शुरुआत प्रातः 5 बजे ब्रह्म आरती से होगी, जिसके बाद सुबह 7 बजे मंगल आरती, 11:30 बजे भोग आरती, शाम 7 बजे श्रृंगार महाआरती, रात्रि 10:30 बजे श्याम आरती तथा रात्रि 8:30 बजे से भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भक्तगण एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा कर हनुमान जी की भक्ति में रंग जाएंगे। रात को आतिशबाजी से आकाश हनुमान भक्ति के रंग में रंग जाएगा। श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप भोग वितरित किया जाएगा। रात्रि में भजन-कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना रहेगा। इस दौरान मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाएगा, जिससे वातावरण अलौकिक और आध्यात्मिक हो जाएगा। हेलीपैड के नजदीक पंचमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान प्राकट्य उत्सव पर इस बार भी भव्य कार्यक्रम होना है। 12 अप्रैल की रात्रि 8 बजे से यहां पर प्रिया कौर और सहयोगी कलाकारों के द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति की जाएगी। नेहरू नगर वार्ड के अंतर्गत कुआं भट्ठ स्थित बालाजी हनुमान मंदिर में प्राकट्य उत्सव पर विशेष अनुष्ठान किया जाएगा। एसईसीएल सीजीएम कार्यालय रोड स्थित हनुमान मंदिर मुड़ापार में दिनभर कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, महाराणा प्रताप नगर, डॉ राजेंद्र नगर,पोड़ीबाहर, बालको नगर और अन्य उपनगर क्षेत्र में भी इस दिन अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। राम जानकी मंदिर घंटाघर रोड बुधवारी में हनुमान प्रकट उत्सव पर एक दिन पहले से अनुष्ठान की शुरुआत होगी। यहां पर रामचरितमानस और सुंदरकांड का पाठ एक दिन पहले से शुरू होगा। 24 घंटे में इसकी पूर्णाहुति होना है। राजपूत क्षत्रिय समाज के द्वारा आयोजन को भव्य बनाने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। समाज के पदाधिकारी और सदस्यों ने इस बार कई नए प्रयोग इस आयोजन में करने की योजना बनाई है।



### चकचकवा पहाड़ पर होंगे आयोजन

कटघोरा के हनुमान गढ़ी की बन चुकी है ख्याति, आयोजन होंगे बता दें कि जिले के कटघोरा शहर से लगी चकचकवा पहाड़ी पर हनुमानगढ़ी स्थित है। प्राकृतिक सौंदर्य से आच्छादित इस पहाड़ी पर भगवान श्रीराम भक्त हनुमान के साथ रामलला की प्रतिमा भी स्थापित की गई है, जहां खास अवसरों के साथ ही हर हमेशा श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रहती है। मंदिर का सौंदर्य वहां पहुंचने पर पता चलता है। हनुमान जयंती पर कटघोरा नगरवासियों के सहयोग से यहां भव्य आयोजन होगा। पूजा-अर्चना के साथ ही समाज सेवी संगठन भोग प्रसाद का भी वितरण करेंगे।

### सराइसिंगार में प्रसाद का होगा वितरण

हरदीबाजार। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर संकट मोचन हनुमान मंदिर बजरंग चौक सराईसिंगार पर हनुमान जी की विशेष पूजा के साथ-साथ खीर पूड़ी ,बूंदी, केला आदि प्रसाद का वितरण किया जायेगा। मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार एवं हनुमान भक्तों के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इस मंदिर पर प्रत्येक मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ, हनुमान चालीसा व हनुमान जी की आरती भक्तों के द्वारा बहुत ही भव्य रूप से किया जाता है। हनुमान भक्तों के द्वारा सभी लोगों को अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए निवेदन किया गया है।

### दीपका में महाआरती व भंडारा

दीपका के बजरंग हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर महा भंडारा का आयोजन किया गया है। मंदिर के पुजारी पंडित विष्णु महाराज ने बताया सुबह भगवान की विधि विधान से पूजा अर्चना मंत्रोच्चार के साथ किया जाएगा और भगवान को नया चोला चढ़ाया जाएगा लोगों के मनोकामना पूर्ण करने बड़ी संख्या में आसपास के लोग मंदिर पहुंचने हैं माता टेक कर भगवान का आशीर्वाद देते हैं। यहां मंदिर समिति द्वारा बड़े पैमाने पर महा भंडारा का आयोजन किया गया है। वही प्रगति नगर स्थित मनोकामना मंदिर में हनुमान जयंती के पावन पर सुबह हवन, पूजन और कथा के साथ होगी, जिसमें श्रद्धालु भक्त बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

### जयंती पर होगा हनुमान चालीसा पाठ

राजवाड़े कुर्मी समाज के सामाजिक भवन कुआंभट्ठा परिसर में नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं सामाजिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन 12 अप्रैल को रखा गया है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह सुबह 11 बजे रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत को आमंत्रित किया गया है। दोपहर 1 बजे सामुदायिक भवन का लोकार्पण होगा, जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष कृपा सिंह राजवाड़े करेंगे। समाज के पदाधिकारी एवं आम नागरिकों को उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### जयंती पर होगा हनुमान चालीसा पाठ

चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा संवत शनिवार को श्री सप्तदेव मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। विदित हो कि इस दिन ब्रम्ह मुहुर्त पर हनुमान जी का जन्म हुआ था। इस दिन प्रातः 6 बजे मंदिर में भगवान हनुमान जी का जन्म कराया जाएगा जिनके जन्म की खुशियों में आतिशबाजी की जाएगी तथा श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना के पश्चात प्रसाद वितरण किया जायेगा इस दिन मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया जायेगा। भगवान श्री हनुमान का जन्मोत्सव मनाने एवं मंदिर में होने वाले हनुमान चालीसा पाठ में अधिक से अधिक की संख्या में सह परिवार पधार कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### हनुमंत महायज्ञ का आयोजन

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी रामपुर के समीप स्थित बैगिनडभार डिंगापुर में बजरंग बली की विशाल प्रतिमा है। इसका निर्माण पहले बने गोकुलनगर के लोगों ने कराया था। अब गोकुलनगर को खरमोरा में बसा दिया गया है, लेकिन हर साल भक्त यहां हनुमंत महायज्ञ कराते हैं। यहां 4 अप्रैल से यह चल रहा है, जिसका समापन 12 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन आस्था व उल्लास के साथ होगा। यहां मेला का भी आयोजन किया गया है। इसका लाभ लोग सुबह-शाम पहुंचकर ले रहे हैं।

### इस बार बन रहा हस्त और चित्रा नक्षत्र का संयोग

ज्योतिषाचार्य पं. दशरथनंदन द्विवेदी के अनुसार इस साल चैत्र मूर्तिमा 11 अप्रैल को तड़के 2.5 बजे शुरू हो रही है। पूणिमा का समापन 13 अप्रैल को रात 4.34 बजे होगा। सूर्योदय के समय पूर्णिमा तिथि 12 अप्रैल को है। ऐसे में हनुमान जयंती 12 अप्रैल को मनाई जाएगी और उसी दिन ही व्रत रखा जाएगा। इस बार हनुमान जयंती रवि योग, जय योग, हस्त और चित्रा नक्षत्र में मनाई जाएगी। 12 अप्रैल को हस्त नक्षत्र सुबह से लग जाएगा।

# आमजनता के आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण से बनेगा विश्वास का सेतुः यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के प्रभारी सचिव एवं राज्य शासन में ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ रोहित यादव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने राज्य स्तर पर संचालित सुशासन तिहार के पहले चरण में प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। डॉ यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता से प्राप्त सभी आवेदनों का उचित संधारण सुनिश्चित कर संबंधित विभाग को प्रेषित किया जाए।

विभाग के अधिकारी आम जनता की आवेदनों को पढ़े। उनकी मांग और समस्याओं को समझते हुए उचित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा है कि लोगों की समस्याओं का समय पर उचित समाधान हो। सुशासन तिहार एक माध्यम है और इस माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निराकरण होने से आमजनता और शासन-प्रशासन के बीच विश्वास का वातावरण बनेगा। लोगों की समस्याएं दूर होंगी। बैठक में प्रभारी कलेक्टर आशुतोष पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभारी सचिव डॉ रोहित यादव ने जिले के अनेक शिविरों का अवलोकन और ग्रामीणों से हुई चर्चा के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि शिविर में सीसी रोड जैसी मांगे नहीं आ रही है। पहले इस तरह की मांगें ज्यादा आती थीं। समय के साथ हुए विकास कार्यों और लोगों की मानसिकता में हुए बदलाव का परिणाम है कि अब ग्रामीणों द्वारा शौचालय निर्माण के लिए भी आवेदन दिए जा रहे हैं। आम जनता से मिले आवेदनों से सीख लेकर भविष्य की योजनाएं बनाई जा सकती है। उनकी आवश्यकताओं को दूर किया जा सकता है। इसलिए सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर सुशासन तिहार के आवेदनों का निराकरण समय पर सुनिश्चित करेंगे। डॉ यादव ने सुशासन तिहार के दूसरे और तीसरे चरण के लिए की गई तैयारी की समीक्षा करते हुए कहा कि 5 मई से 31 मई तक जो भी शिविर लगेंगे सभी में विभाग के अधिकारी उपस्थित रहकर आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही से जरूर अवगत कराएंगे। उन्होंने ऑनलाइन आवेदन के निराकरण के लिए भी निर्देशित किया। प्रभारी सचिव डॉ यादव ने सभी आवेदनों का समय पर पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री करने के निर्देश दिए।

### समन्वय कर इंसानों और हाथियों की जान बचाएं

प्रभारी सचिव डॉ यादव ने जिले के कटघोरा और कोरबा वनमंडल में हाथियों के विचरण तथा जानमाल के नुकसान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वन विभाग और विद्युत विभाग आपस में समन्वय बनाकर रखे। इंसान और वन्य जीवों को नुकसान न हो,इस दिशा में कार्य करें। वन्य प्राणी विद्युत तार के संपर्क में न आये और जहाँ सुरक्षा के नाम पर शिकार के लिए करंट प्रवाहित किया जाता है उस पर भी अंकुश लगाते हुए ग्रामीणों में जनजागरूकता लाएं। डॉ यादव ने हाथी और मनावद्वन्द को रोकने की दिशा में लगातार कार्य करने तथा हाथी विचरण क्षेत्र में ग्रामीणों को जाने से रोकने के निर्देश दिए।

### सुशासन तिहार में शामिल हुए प्रभारी सचिव

जिले के प्रभारी सचिव एवं राज्य शासन में ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ रोहित यादव ने दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा शहरी क्षेत्र में सुशासन तिहार अंतर्गत लगाए गए शिविर में जाकर आमजनों से मुलाकत की। उन्होंने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन, हितग्राहियों को मिल रहे लाभ के विषय में जानकारी लेने के साथ ही उनकी मांगों और समस्याओं को भी जानने की कोशिश की। प्रभारी सचिव ने शिविर का लाभ उठाते हुए अपनी महत्वपूर्ण समस्याओं को भी आवेदन के रूप में प्रस्तुत करने की अपील आमजनों से की। इस दौरान उन्होंने जिले के अनेक शासकीय संस्थानो का औचक निरीक्षण कर योजनाओं की जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी लीं। उन्होंने अधिकारियों को पात्र व्यक्तियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए गम्भीरता से कार्य करने के हेतु निर्देशित किया। प्रभारी सचिव द्वारा पोड़ी उपरोड़ा के लालपुर, गुरसियां, कटघोरा के सलोरा क, छुरीखुर्द, एवं कोरबा नगरीय क्षेत्र में शासकीय संस्थानों का निरीक्षण, पीएम आवास जैसे विभिन्न योजना के हितग्राहियों से भेंट की। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर श्री आशुतोष पांडेय, सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश नाग, संबंधित विकासखंड के एसडीएम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कटघोरा पुलिस ने मनाया सुशासन तिहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



कटघोरा प्रदेश में सुशासन को मजबूती देने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है, जिसका पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक आयोजित होगा। इस दौरान ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में समाधान पेटी के माध्यम से नागरिकों से शिकायतें, सुझाव और मांगें प्राप्त की जाएगी। इसी कड़ी में कटघोरा थाना प्रभारी व उनकी टीम ने सुशासन तिहार के मद्देनज़र शुक्रवार को कटघोरा थाना क्षेत्र के लगभग 4 ग्राम पंचायतों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनी।

थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने ग्राम तुमान, बिंझरा, सिंघिया, लखनपुर में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को समझाइस देते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों के युवा वर्ग अपराधिक गतिविधियों में ना रहे शराब का सेवन न करें तथा नशा से दूर रहे, नशा ही अपराध की जड़ होता है। उन्होंने साथ शराब का सेवन कर वाहन न चलाएं, अक्सर शराब के सेवन के बाद लोगो दुर्घटना का शिकार होते है और अपनी जान गवां बैठते हैं। नशा किस प्रकार हमारे शरीर के साथ ही हमारे मानसिक, आर्थिक एवं पारिवारिक जीवन को खराब कर देता है । नशे से केवल एक व्यक्ति का ही नहीं बल्कि उसके परिवार व समाज का भी नुकसान होता है तथा हमारा व हमारे परिवार का जीवन अंधकार में डूब जाता है। अतः इससे बचकर रहें और अपने परिचितों को भी इससे बचायें और यदि कोई इसकी गिरफ्त में है तो उसे दृढ़ इच्छा शक्ति के द्वारा इससे बाहर लाने के लिये प्रयास करें। उन्होंने उपस्थित महिलाओं व ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक रहने कहा गया कि ईनामी कूपन, लॉटरी, गाड़ी के नाम पर ओटीपी तो किसी से भी भूलकर शेयर न करें। दुपहिया वाहन चलाते वक्त मोबाइल का उपयोग नहीं करने, हेलमेट का उपयोग करें, सिग्नल देखकर सडक़ पार करें, बच्चों के बालिग होने पर लाइसेंस के साथ वाहन चलाने दें और दुर्घटना से बचने बांयी दिशा में निर्धारित गति में वाहन चलाने की समझाईश दी गई। ग्रामीणों को गांव के छोटे-मोटे विवादों का ग्राम स्तर पर निराकरण करने तथा मिलजुल कर रहने की समझाइश दी गई और किसी प्रकार की घटना, दुर्घटना पर पुलिस सहायता के लिये डॉयल 112 का उपयोग करने बताये। इस दौरान ग्राम पंचायतों के सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं उपस्थित रहीं।

# गर्ल्स टॉप और साड़ियों की मेगा सेल को मिल रहा जबरदस्त रिस्पॉन्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिजनेस न्यूज



टीपी नगर नगर स्थित होटल शालीन में आयोजित गर्ल्स टॉप और साड़ियों की मेगा सेल को कोरबा निवासियों द्वारा शानदार प्रतिसाद मिल रहा है। यह विशेष आयोजन सीमित अवधि के लिए रखा गया है, जिसमें सभी उत्पाद डायरेक्ट फैक्ट्री से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सेल के आयोजक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मेगा सेल में नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स के गर्ल्स कैपरी, क्रॉप टॉप, लॉन्ग टॉप, शिफॉन टॉप, पार्टीवेयर टॉप, प्लाज़ो, जीन्स सहित कई फैशनेबल परिधान शामिल हैं। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की कॉटन, बनारसी, भागलपुरी, कांजीवरम और सिल्क साड़ियां भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। आयोजक के अनुसार, सभी आइटम्स की कीमतें आमतौर पर शोरूम में काफी अधिक होती हैं, लेकिन इस सेल में उन्हें काफी किफायती दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्राहकों का रुझान बढ़ा है।




## पृष्ठ 3 का शेष

### अवैध उत्खनन में लगे...

अभियान के तहत रेत परिवहन करते 2 ट्रैक्टर चारपारा कोहड़िया से, 2 ट्रैक्टर सर्वमंगला से 3 ट्रैक्टर कपाटमुड़ा क्षेत्र से जप्त किया गया है। खनिज विभाग द्वारा चलाए गए इस अभियान के बाद रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। खासतौर पर सीतामणी मोतीसागरपारा रेतघाट में पिछले दिनों रेत तस्करों द्वारा बंद खदान से रेत तस्करी का मामला सामने आया था जिसे हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसके बाद खनिज विभाग की टीम ने एक्शन लेते हुए सीतामणी से ही रेत का अवैध परिवहन करते हुए 6 ट्रेक्टर को जप्त किया है। साथ ही सभी गाड़ियों को संबंधित थाना क्षेत्र में खड़ा कराया गया है। जिनके खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### गेवरा-कोरबा से...

है। इसके आगे से ही नेशनल हाईवे की फोरलेन सडक़ गुजरी है। सरगबुंदिया और सुखरीकला रेलवे फाटक भी अगले चरण में शामिल है। दोनों ही मार्ग पर यातायात का दबाव अधिक रहता है। इन स्थानों पर ओवरब्रिज की मांग भी हो चुकी है। रेलवे लाइन के विस्तार की प्रक्रिया भी चल रही है। इसके साथ ही रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज निर्माण करने के लिए भी प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इससे लोगों का विरोध भी नहीं होगा।



11 korba-pg3_Layout 1 4/11/2025 11:55 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]


6

कोरबा कटघोरा वनमंडल के हरे सोने की शत प्रतिशत हुई खरीदी, मई में शुरु होगा संग्रहण



## खबर संक्षेप

### भाजपाइयों का गांव चलो अभियान आज से शुरू

**कोरबा।** भाजपा के कार्यकर्ता आज से गांव गावं व वार्डो में भ्रमण करेगें उनके द्वारा केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कटघोरा मंडल के अध्यक्ष अभिषेक गर्ग ने बताया कि वे धवीपुर में रहेगें । अन्य कार्यकर्ताओं को भी अलग अलग जवाबदारी दी गई है। बरपाली मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू गुमिया से अभियान का शुभ आरंभ करेगें। कोसाबाड़ी नगर मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर ने बताया कि सभी वार्डो में अलग अलग प्रभारी बनाए गए है। कई वार्डो में पार्षद ही नेतृत्व करेगें। उरगा नगर मंडल में कमलेश अंनत ,दिग्वजय बंजारे व ओम साहू पताड़ी सहित कई गांवो में जाकर लोगों से मुलाकात की। छुरी नगर पंचायत में कल बुजुर्गो का सम्मान किया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि प्रीमत देवांगन , हीरानंद पंजवानी, कांता देवांगन सुभाष जोशी, रमेश श्रीवास, टिकैत डोगरें सहित अन्य भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गौ गोपाल मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा लोकार्पण समारोह 15 को

**कोरबा।** गौ माता की कृपा एवं आशीर्वाद से श्री अग्रसेन गोधाम, कनबेरी, कोरबा में नवनिर्मित गौ गोपाल मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 12 से 15 अप्रैल तक श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न होगा, जिसमें अनेक श्रद्धालु तथा गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। उनके साथ उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल होंगे। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, विश्वेश्वर सिंह पटेल अध्यक्ष छग राज्य गौ सेवा आयोग एवं महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।12 से 14 अप्रैल को पूजन, हवन एवं मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा, 15 अप्रैल को लोकार्पण प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं भोग-भंडाराः दोपहर 1 बजे से गौ माता की इच्छा तक आयोजित है।

### एडीआर भवन में न्यायाधीश ने अधिकार मित्रों की ली बैठक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन वर्ष 2024-25 के अनुसार माननीय श्री सत्येन्द्र साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) के निर्देशन में कु. डिम्पल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के स्कीम असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सहायता योजना, 2015 विषय में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सहायता प्रदान करना एवं उनके अधिकारों के हितों की रक्षा किये जाने के प्रयोजनार्थ 11 अप्रैल को जिला न्यायालय परिसर कोरबा के एडीआर भवन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा में इस प्राधिकरण के अंतर्गत कार्यरत समस्त अधिकार मित्र (पीएलव्ही) की बैठक ली गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) के अधिकार मित्र/पैरालीगल वालीण्टियर लाला राम राठिया द्वारा नालसा स्कीम असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सहायता योजना, 2015 के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सहायता प्रदान करना एवं उनके अधिकारों के हितों की रक्षा एवं अन्य कानूनी सेवाएं प्रदान किये जाने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही कु. डिम्पल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) द्वारा अधिकार मित्रों को एक दूसरे के साथ मिलकर सामंजस्य स्थापित कर आमजनों को विधिक सहायता एवं विधिक सलाह प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।

# लोक सेवा केंद्र में छोटे बच्चों का नहीं बन रहा आधारकार्ड, लौट रहे अभिभावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोक सेवा केंद्र से प्रतिदिन छोटे बच्चों को लेकर अभिभावक बिना आधारकार्ड बनाए वापस लौट रहे हैं। वर्तमान में 6 वर्ष से नीचे बच्चों का आधारकार्ड बनाए जाने में दो से तीन महीने का समय लगने के कारण अभिभावकों के सामने चक्कर काटने की स्थिति निर्मित हो गई है। पूछने पर तकनीकी कारण बताया जा रहा है। जबकि स्कूल के लिए आधार कार्ड की आवश्यकता बताई जा रही है। आधारकार्ड बनाए जाने की सुविधा कलेक्ट्रेट के साथ साथ तहसील कार्यालय, पोस्ट ऑफिस में दिए जाने के बाद भी आधारकार्ड के लिए सर्वाधिक भीड़ कलेक्ट्रेट लोकसेवा केंद्र में नजर आती है तो वहीं तहसील के लोक सेवा केंद्र में सन्नाटा पसरा रहता है। इस संबंध में जिला मुख्यालय को भी सूचित किया गया है किंतु अभिभावक कलेक्ट्रेट के लोकसेवा केंद्र में ही आधार कार्ड के लिए पहुंचते हैं। जहां आधारकार्ड में

अलग खबर

## स्कूल में प्रवेश के लिए जरुरी दस्तावेज है आधारकार्ड

**खास बातें**

- कलेक्टोरेट लोकसेवा केंद्र में महीनों से काट रह हैं चक्कर
- सॉफ्टवेयर अपडेट होने में लग रहा है दो महीने का समय



**सॉफ्टवेयर अपडेट होने में लगता है समय**

आधारकार्ड बनाए जा रहे हैं। 6 वर्ष से कम बच्चों का भी आधारकार्ड बन रहा है। यूआईडीएआई सॉफ्टवेयर अपडेट हो रहा है। जिसके कारण जो नए आधारकार्ड 15 दिन में बन जाते थे उन्हें बनने में अब एक से दो महीने का समय लग रहा है लेकिन आधारकार्ड बनाया जा रहा है।

- शिखा सिंह, प्रबंधक चिप्स

**बाल वाटिका में प्रवेश के लिए जरुरी दस्तावेज**

केंद्रीय विद्यालय में नए शिक्षण सत्र से शुरु की गई। बाल वाटिका में प्रवेश के लिए मारामारी मची हुई है। फीस कम होने के कारण अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों के प्रवेश के लिए बाल वाटिका पहुंच रहे हैं। जहां आधारकार्ड अनिवार्य बताए जाने के कारण ऐसे अभिभावक आधारकार्ड हेतु अपने बच्चों को लेकर कलेक्ट्रेट लोकसेवा केंद्र पहुंचते हैं और जहां से उन्हें तकनीकी समस्या बताकर वापस भेजा जा रहा है।

अपडेशन के साथ सुधार कार्य भी कराए जाते हैं। भीड़ अधिक होने के कारण प्रक्रिया पूरी करने में समय लगता है। वहीं पोस्ट ऑफिस में यह स्थिति एकदम से विपरीत है यहां पदस्थ कर्मचारी के कार्य की धीमी प्रवृत्ति के कारण अधिकांश लोग पोस्ट ऑफिस जाना नहीं चाहते। कलेक्ट्रेट के लोक सेवा केंद्र से लेकर जिला पंचायत में स्थित चिप्स के कार्यालय में भी अभिभावक आधारकार्ड बनाए जाने में आ रही समस्या को लेकर अभिभावक जिला पंचायत स्थित चिप्स के कार्यालय भी पहुंच रहे हैं।

## हर साल स्कॉलरशिप से वंचित होते हैं छात्र-छात्राएं

# छात्रवृत्ति की आनलाइन प्रक्रिया को पूरी नहीं कर पा रहे ग्रामीण छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ा व अल्पसंख्यक वर्ग राज्य शासन द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजना से सैंकड़ों छात्र ऑनलाइन प्रक्रिया को पूरी नहीं कर पाने के कारण वंचित हो जाते हैं। जिसे लेकर अभिभावकों के द्वारा भी

**खास बात**

- शिक्षा विभाग से जारी होती है स्कॉलरशिप

जिला प्रशासन में भी अपनी बात पहुंचाई गई है। शिक्षा विभाग के द्वारा छात्रवृत्ति की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए निर्देश जारी करते हैं।

प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन के लिए आनलाइन की प्रक्रिया लागू होने से ग्रामीण अंचल के छात्रों के लिए एक मुसिबत खड़ी हो गई है।



फाइल फोटो

दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में एक तो पहले से ही नेटवर्किंग की समस्या है और उपर से ऑनलाइन प्रक्रिया के लंबा होने के कारण छात्र इसे पूरा करने में असमर्थ रहते हैं। इस मामले में स्कूल के शिक्षकों का भी छात्रों का सहयोग नहीं मिलता। परिणाम स्वरुप ऑनलाइन आवेदन करने वाले छात्र अभिभावक च्वाईस सेंटर का चक्कर काटते रहते हैं। कई बार विभाग से भी उनके द्वारा संपर्क किया जाता है उसके बावजूद उन्हें सकारात्मक जवाब नहीं मिलता। जिले में बीते वर्ष लगभग डेढ़ सौ छात्र ऐसे थे जो छात्रवृत्ति से वंचित रह गए थे। यह स्थिति हर साल छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित होने वाले छात्रों के साथ होती है। ऑनलाइन की प्रक्रिया पूरी करने में छात्र तकनीकी समस्या से जूझते रहते हैं। उनकी समस्याओं के निराकरण भी आदिमजाति कल्याण विभाग के द्वारा नहीं किया जाता। केवल ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की तिथि बढ़ाए जाने की जानकारी दी जाती है।

**स्कूल के प्रधानपाठक को दी गई है जिम्मेदारी**

छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने वाले छात्रों के आवेदन की प्रक्रिया को पूरी कराने की जिम्मेदारी स्कूल के प्रधानपाठकों को दी गई है। जिसमें जाति निवास जैसे दस्तावेज प्रमुख रुप से मांगे जाते हैं। इनमें कई ऐसे छात्र हैं जिनमें स्थायी जाति प्रमाण पत्र के लिए उनके सामने मिसल की समस्या खड़ी हो जाती है। कई बार जमीन मिसल न होने के कारण छात्रों की स्थायी जाति प्रमाण पत्र का बनना मुश्किल हो जाता है। अभी भी कई छात्र स्थायी जाति प्रमाण के लिए तहसील कार्यालय का चक्कर काटते रहते हैं।

**पोस्ट मैट्रिक की जिम्मेदारी ट्रायबल विभाग की**

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ट्रायबल विभाग में आवेदन देना होता है। नर्सिंग कॉलेज सहित अन्य कॉलेज के छात्र छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन करने के साथ साथ आफ लाइन आवेदन करने की प्रक्रिया भी सुविधा दी गई है।

**पिछले वर्ष सामने आया था मामला**

छात्रवृत्ति के लिए पिछले वर्ष चेक पोस्ट स्कूल के उन बच्चों को छात्रवृत्ति नहीं मिली थी इसका मामला सामने आया था। इस वर्ष राशि खाते में भेजने का कार्य किया जा रहा है। वितरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह जानकारी सामने आएगी कि कितने मामले पेंडिंग है।

- टीपी उपाध्याय, डीईओ

# अवैध उत्खनन में लगे जेसीबी सहित 16 गाड़ियों को खनिज विभाग ने किया जब्त



अवैध उत्खन्न में लगे ट्रेक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रेत, मिट्टी और मुरुम का अवैध परिवहन करने वालों के खिलाफ एक बार फिर से खनिज विभाग ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। दो दिन के भीतर ही खनिज विभाग ने अवैध परिवहन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक जेसीबी, दो टीपर सहित कुल 16 वाहनों को जप्त करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए अवैध परिवहन के वाहनों को थानों में जप्त कर खड़ा करने की कार्रवाई की गई है और मामले में खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

कलेक्टर अजीत बसंत के निर्देश पर खनिज उप संचालक प्रमोद कुमार नायक ने अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करने के लिए खनिज विभाग के सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे व खनिज इंस्पेक्टर खिलावन कुमार को निर्देशित किया था। गुरुवार और शुक्रवार को खनिज विभाग के अधिकारियों ने एक विशेष अभियान चलाया गया जहां खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन व परिवहन करते हुए एक जेसीबी, 2 टीपर सहित कुल 16 गाड़ियों को जप्त किया है। सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे ने जानकारी देते हुए बताया कि सीतामणी रेत घाट में अवैध उत्खनन कर परिवहन में लगे 6 टैक्टर को जप्त किया गया है। जबकि ढेलवाडीह क्षेत्र में अवैध रेत का उत्खनन करते हुए एक जेसीबी व एक टीपर को जप्त किया गया है। खनिज विभाग ने विशेष ⏭ शेष पेज 2 पर

# हड़ताल से नहीं लौटे पंचायत सचिव रोजगार सहायकों को मिला प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते 20 दिन से पंचायत सचिवों की चल रही हड़ताल के कारण प्रभावित हो रहे हितग्राही मूलक कार्यों को देखते हुए राज्य शासन के निर्देश पर सभी पंचायतों में मनरेगा के रोजगार सहायकों को सचिवों का प्रभार दिया गया है। शुक्रवार को सभी जनपद पंचायतों से इस आशय के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

नियमितिकरण सहित अन्य मांगों को लेकर पंचायत सचिव संघ द्वारा प्रदेश संघ के आहवान पर पिछले 20 दिन से हड़ताल पर चल रहे हैं। इनसे शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कई बार शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर शासन से मिले निर्देशों का भी मैदानी स्तर पर अमल नहीं हो रहा था। जिसे देखते हुए सचिवों को कई बार हड़ताल से वापसी का निर्देश दिया गया। उनके द्वारा किसी भी निर्देश का पालन नहीं किए जाने के कारण अंततः रोजगार सहायकों को पंचायत सचिवों का प्रभार देने के निर्देश जारी किए गए। जिला पंचायत सीईओ के द्वारा सभी जनपद पंचायत सीईओ को शुक्रवार से ही रोजगार सहायक, कृषि विस्तार अधिकारी को पंचायत सचिवों के प्रभार दिए जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही दोपहर बाद सभी जनपद पंचायतों से हड़ताल में शामिल पंचायत सचिवों के स्थान पर रोजगार सहायकों को प्रभार दे दिया गया। जब तक हड़ताली पंचायत सचिव हड़ताल से वापस नहीं लौटेंगे उनके स्थान पर रोजगार सहायक व सहायक कृषि विस्तार अधिकारी पंचायत सचिवों का कामकाज देखेंगे।

**नहीं मिला था प्रभार सरपंचों को**

पंचायत चुनाव परिणाम कुछ दिनों बाद ही सचिव हड़ताल पर चले गए थे। जिसकी वजह से कई नवनिर्वाचित सरपंचों को चुनाव जीतने के बाद आज तक प्रभार की कार्यवाही पूरी नहीं की गई और न ही उन्हें कोई प्रभार मिला। इसे देखते हुए नवनिर्वाचित सरपंचों ने जिला कार्यालय पहुंचकर अपना प्रभार मांगा था। प्रभार न मिलने की स्थिति में परेशान सरपंच किसी भी प्रस्ताव पर पंचायत की बैठक नहीं ले पा रहे थे और न ही कोई नया कार्य स्वीकृत करा पा रहे थे। पंचायत के सभी वार्ड पंच भी काम करने में पूरी तरह से असमर्थ थे। अब रोजगार सहायकों व कृषि विस्तार अधिकारियों को प्रभार मिलने के बाद से नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार दिलाया जाएगा।

# गेवरा-कोरबा से लेकर चांपा के बीच के रेलवे क्रॉसिंग होंगी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाटक खुलने का इंतजार करते वाहन चालक।

रेलवे प्रबंधन रेलवे क्रॉसिंग के फाटकों को बंद करने के लिए काम कर रही है। इसके लिए गति शक्ति यूनिट के नाम से अलग विंग भी बनाई है। इससे रेलवे फाटक में कर्मचारियों की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। लोगों को भी फाटक खुलने का इंतजार नहीं रहेगा। इसके लिए यातायात के हिसाब से योजना बनाई जा रही है। शहरी क्षेत्र में ओवरब्रिज के साथ अंडरब्रिज बनाने की योजना है। गेवरा -कोरबा से लेकर चांपा के बीच एक-एक कर रेलवे क्रॉसिंग को बंद करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए अंडरब्रिज और ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। राज्य शासन ने मड़वारानी, पताढ़ी और बालपुर अंडरब्रिज बनाने की मंजूरी दी है। अभी तक दो स्थानों में कोरबा व उरगा में ओवरब्रिज बना है। इमलीछापर ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है। शहर में ओवरब्रिज का निर्माण राज्य शासन ने किया है। इसी तरह स्टेट हाईवे उरगा से हाटी के बीच भैसमा रेलवे क्रॉसिंग पर पीडब्ल्यूडी की सेतु निगम ने ओवरब्रिज का निर्माण कराया है। इमलीछापर कुसमुंडा में एसईसीएल के सीएसआर मद से ओवरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। इसी तरह संजय नगर रेलवे क्रॉसिंग पर खनिज न्यास और रेलवे के संयुक्त फंड से अंडरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। इसकी मंजूरी मिलने के साथ ही प्रक्रिया भी चल रही है। इसके लिए निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी सेतु निर्माण ने टेंडर के लिए प्रस्ताव भेज दिया है। पताढ़ी रेलवे क्रॉसिंग को पारकर ग्रामीण बस्ती पहुंचते हैं। इसलिए यहां अंडरब्रिज का प्रस्ताव बनाया जा रहा है। इसी तरह मड़वारानी रेलवे क्रॉसिंग पर सबसे अधिक व्यस्त यातायात रहता है।अंडरब्रिज की हाइट बहुत कम होती है। इस वजह से भारी वाहनों की आवाजाही नहीं हो पाती है। इसमें केवल छोटे वाहन नहीं गुजर सकते हैं। इसी वजह से सोहागपुर रेलवे फाटक के पास अंडरब्रिज को ही बंद करना पड़ गया। रेलवे की इस योजना का लाभ लोगों को जरूर मिलेगा। शहर के इमलीडुग्गू रेलवे क्रॉसिंग व बरबसपुर रिंग रोड पर यातायात का सबसे अधिक दबाव रहता है। दोनों ही मार्ग पर भारी वाहन गुजरते हैं। इस वजह से ओवरब्रिज बनाने के लिए बोरिंग और सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। इमलीडुग्गू में अंडरब्रिज का निर्माण भी कराया जाएगा। रेलवे प्रबंधन इसका प्रस्ताव दे चुकी है। इस वजह से नए सिरे से सर्वे कराया जाएगा।कोरबा जिले की सीमा पर बसे सिवनी से उमरेली मार्ग पर भी रेलवे क्रॉसिंग है। यहां पर भी अंडरब्रिज बनाने के लिए रेलवे तैयारी कर रही है। इस मार्ग से होकर लोग सक्ती की ओर आवाजाही करते हैं। इसके कारण भी यातायात का दबाव अधिक रहता ⏭ शेष पेज 2 पर

## अपशिष्ट प्रबंधन व सेंटर की विविध गतिविधियों की सराहना

# प्रभारी सचिव ने एसएलआरएम सेंटर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला प्रभारी सचिव डॉ.रोहित यादव नगर निगम के दर्रीखार स्थित एसएलआरएमसेंटर पहुंचे। उन्होने सेंटर का सघन निरीक्षण किया, सेंटर में अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों एवं वहाँ पर संचालित विभिन्न गतिविधियों व व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सेंटर के कार्यो की सराहना की। उन्होंने सेंटर का संचालन करने वाली महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों व स्वच्छता दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की। कोरबा प्रवास के दौरान शुक्रवार को प्रभारी सचिव डॉ.रोहित यादव नगर निगम की दर्रीखार स्थित



निरीक्षण करते प्रभारी ऊर्जा सचिव।

एसएलआरएमसेंटर पहुंचे, प्रभारी कलेक्टर व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के साथ उन्होंने सेंटर की विभिन्न गतिविधियों व व्यवस्थाओं का जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने सूखे व गीले कचरे के पृथकीकरण, अपशिष्ट के रिड्यूज, रियूज व रिसाईकल प्रबंधन, गीले कचरे से कम्पोस्ट शेड में खाद के निर्माण की प्रक्रिया, खाद की पैकिंग, भण्डारण एवं विक्रय, मशरूम उत्पादन, गोबर से निर्मित दीये एवं उनके विक्रय, सेंटर में संधारित पंजियों, दस्तावेंजा का अवलोकन, सेंटर की स्वच्छता व साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन एवं सेंटर की सम्पूर्ण व्यवस्थाओं व संचालित गतिविधियों का बारीकी के साथ अवलोकन करते हुए सेंटर के क्रियाकलापों की सराहना की। प्रभारी सचिव डॉ.रोहित यादव ने सेंटर में कार्यरत महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों व स्वच्छता दीदियों से विस्तार से चर्चा कर उनके क्रियाकलापों एवं सेंटर के माध्यम से समूह को होने वाली अतिरिक्त आय आदि की जानकारी ली। उन्होंने ने डोर-टू-डोर अपशिष्ट व्यवस्था पर भी चर्चा की।

**प्लास्टिक बोतल व अपशिष्ट से बनाया सोफा**

दर्रीखार एसएलआरएम सेंटर में स्वच्छता दीदियों ने नवाचार करते हुए प्लास्टिक की खाली पानी की बोतलों व प्लास्टिक अपशिष्ट पाउच आदि के माध्यम से सुंदर सोफे का निर्माण किया गया है, प्रभारी सचिव डॉ.रोहित यादव ने उक्त सोफे का अवलोकन किया, उस पर बैठे तथा इस नवाचार की प्रशंसा की, सोफा निर्माण में उपयोग की गई प्लास्टिक अपशिष्ट की जानकारी ली।

# सूने मकान में चोरों का धावा, 3 लाख नकद पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण के सूने मकान में चारों ने धावा बोलकर रखर में रखे 3 लाख रुपए नगद की चोरी कर ली है। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की तहकीकात शुरु कर दी है।

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुखरीखुर्द निवासी हरगोविंद नंगारची उम्र 40 साल पिता शांति लाल नंगारची ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 8 अप्रैल की दोपहर लगभग 3 बजे यह अपने घर में ताला लगाकर परिवार के साथ अपने ससुराल खरमोरा शादी कार्यक्रम में शामिल होने गया हुआ था। 9 अप्रैल की सुबह लगभग 9 बजे इसका पडोसी रंजीता मन्नेवार इसे फोन कर बताया कि आपके घर का ताला टुटा हुआ है। हरगोविंगद अपनी पत्नी के साथ वापस अपने घर आया तो घर के बाहर ताला टुटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो घर अंदर का अलमारी का दरवाजा टुटा हुआ था पूरा सामान बिखरा पडा था अलमारी अंदर रखे करीबन 3 लाख रुपए को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई है।

## खबर संक्षेप

### निगम ने तोड़ा होटल शिवनेरी का प्रवेश द्वार



**बिलासपुर।** निगम ने एक बार कब्जे और अतिक्रमण के खिलाफ शुक्रवार को अभियान चलाया। खास तौर पर सीएमडी कालेज के सामने होटल शिवनेरी के मालिक द्वारा बिना अनुमति सड़क पर स्वागत द्वार बना दिया गया था। इसे तोड़ा गया। इस दौरान होटल मालिक ने हल्का विवाद किया। बाद में गेट को खुद से ही हटा लेने की भी बात कही लेकिन निगम की टीम ने तोड़ दिया। इसके साथ ही निगम की टीम ने एक बार फिर नेहरू नगर, कारगिल चौक, स्मार्ट सिटी रोड से कब्जे हटाए। मंगला चौक से होते हुए गौरव पथ, महाराणा प्रताप चौक, सीएमडी चौक पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया। नगर निगम और पुलिस की टीम ने सत्यम टाकीज चौक से अग्रसेन चौक, टेलिफोन एक्सचेंज रोड होते हुए टैगोर चौक तक सड़क के दोनों ओर दुकान के बाहर रखे सामानों को हटाया। दिन भर चले निगम के अभियान के दौरान दुकानों का सामान, बोर्ड, कुर्सी टेबल, नुमाइशी पुतले, ठेले आदि जब्त किए गए। अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा के मुताबिक दुकानदारों में दुकान का सामान बाहर रख कर माल बेचने की होड़ लगी रहती है। इसका असर ट्रैफिक पर पड़ता है। वाहनों को आवागमन के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती तब बार-बार जाम की नौबत आती है।

### अवैध खनन करते 4 हाइवा सहित ट्रेक्टर जब्त



**बिलासपुर।** नदी से अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते हुए 4 हाइवा सहित एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर अवैध खनिज उत्खनन एवं अवैध ईंट भट्ठों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एसडीएम मस्तूरी के मार्गदर्शन में शिवनाथ नदी पर अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते हुए 4 हाइवा एवं 1 ट्रैक्टर जब्त किया गया। इनमें से 2 हाइवा एवं ट्रैक्टर को पचपेड़ी थाना के सुपुर्द किया गया। वहीं दो हाइवा चालक वाहन छोड़कर भाग निकले। जिसे कोटवार की अभिरक्षा में सौंपा गया है। एसमडीएम मस्तूरी ने बताया कि जोन्धा ग्राम से होकर अवैध परिवहन किया जाता है। नदी तक पहुंचने के रास्ते को अवरोध उत्पन्न कर बंद कराया गया। तखतपुर तहसील के ग्राम पकरिया में अवैध ईंट निर्माण एवं विक्रय के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मौके पर लगभग 30 हजार ईंट बरामद किया गया। इसे सरपंच एवं कोटवार के सुपुर्द किया गया। न्यायालय में भी मामला दर्ज किया गया। मस्तूरी में कार्रवाई नायब तहसीलदार अप्रतिम पाण्डेय एवं तखतपुर में कार्रवाई तहसीलदार पंकज सिंह के नेतृत्व में की गई।

### पेट्रोल पंप के मैनेजर और कर्मियों ने युवक को पीटा

**बिलासपुर।** वाहन में पेट्रोल डलवाने गए युवक को पेट्रोल पंप के मैनेजर और कर्मचारियों ने पीट दिया, युवक ने तारबहार थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। वहीं मामले में थाने में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार करबला कुदरूबांडी निवासी ओम कुमार डीपी कालेज में बीए फाइनल ईयर में पढ़ाई करता है। गुरूवार की रात 11.30 बजे बाइक में पेट्रोल भराने अम्बा पेट्रोल पंप गया था, साथ उसका दोस्त सोनू सिंह भी था। इस दौरान सोनू सिंह के कुछ दोस्त पेट्रोल पंप में पहले से ही खड़े थे। सोनू के दोस्त बाटल में पेट्रोल लेने आये थे। पेट्रोल पंप कर्मचारी ने बाटल में पेट्रोल देने से मना कर दिया। वही बाइक में पेट्रोल डलवाते समय सोनू व पेट्रोल पंप के कर्मचारियों बीच बहस होने लगी और सोनू ने नोजल को उठा दिया, जिससे पेट्रोल गिर गया। पेट्रोल पंप कर्मचारी ने रूपए की मांग की तो बहस और बढ़ गया। यह देखकर मैनेजर व अन्य कर्मचारी भी आ गए और दोनों पक्षों में मारपीट हुई। घटना की शिकायत दोनों पक्षों ने तारबहार थाने में दर्ज कराई है, पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### सेमेस्टर परीक्षा फार्म 15 से भरे जाएंगे

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत सत्र 2024-25 के लिए स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के लिए आनलाइन परीक्षा फार्म 15 अप्रैल से भराए जाएंगे। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने परीक्षा फार्म भराए जाने अधिसूचना जारी कर दी है। वर्तमान में स्नातक द्वितीय सेमेस्टर वाले छात्र-छात्राओं की कक्षाएं लग रही हैं। वहीं दूसरी तरफ स्नातक सेकंड ईयर व फाइनल ईयर की वार्षिक परीक्षा भी चल रही है। स्नातक द्वितीय सेमेस्टर नियमित, स्वाध्यायी परीक्षार्थी तथा कालेजों, यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग के सभी स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पाठयक्रमों एवं विधि संकाय के स्नातक, स्नातकोत्तर सम सेमेस्टर का आनलाइन परीक्षा फार्म यूनिवर्सिटी के वेब पोर्टल पर 15 अप्रैल से भराना शुरू होगा और परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित किया गया है।

---

दुकानदारों ने हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई थी लेकिन फैसला निगम के पक्ष में आया

# हाईटेक बस स्टैंड की 20 दुकानों में निगम लगाएगा ताला, नए सिरे से होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

नगर निगम बिलासपुर ने हाईटेक बस स्टैंड में 20 दुकानदारों को जगह खाली करने या फिर 3 साल से बकाया किराया जमा करने के लिए अंतिम नोटिस दिया है। इन दुकानदारों से निगम को करीब 95 लाख रुपए की वसूली करनी है। यह दुकानदार जिसमें बस संचालक भी हैं ना तो किराया दे रहे हैं और ना ही जगह खाली कर रहे हैं। अब निगम इन दुकानों को खाली कराते हुए नए सिरे से नीलामी की बात कह रहा है। इससे निगम को करीब 2 करोड़ रुपए की आय हो सकती है। दूसरी ओर निगम की इस नोटिस से दुकानदारों में हड़कंप है। दुकानदारों ने हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई थी लेकिन फैसला निगम के पक्ष में आया है। निगम जल्दी ही दुकानों में सीलबंदी कार्रवाई की तैयारी में है।

■ दवा के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

ज्ञात हो कि सितंबर 2022 में सीएसआईडीसी ने बस स्टैंड का आधिपत्य नगर निगम को सौंप दिया था। इसके बाद से बस स्टैंड सहित वहां की दुकानें निगम की मिल्कियत हो चुकी हैं, परंतु निगम उसका समुचित उपयोग नहीं कर पा रहा है। अधिकांश दुकानों का किराया भी सीएसआईडीसी के कार्यकाल से लंबित है। निगम का दावा है कि नोटिस के बाद कुछ वसूली प्राप्त हुई है, परंतु अभी भी लाखों का बकाया शेष है।



हाईटेक बस स्टैण्ड।

## दुकानदारों पर 4 से 5 लाख का किराया बाकी

निगम के मुताबिक करीब 20 दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया है। हरेक दुकानदार पर 4 से 5 लाख का किराया बाकी है। दरअसल बस स्टैंड में बुकिंग, बैंक, कार्यालय आदि के लिए कुछ कमरे खाली रखे गए थे, जिसमें बस संचालकों ने कब्जा कर रखा है। इसका किराया भी बस संचालक नहीं पटा रहे हैं। वहीं बस स्टैंड में बसें पार्क करने की एवज में बस संचालक शुल्क भी नहीं पटा रहे हैं। निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार के मुताबिक बस स्टैंड में 52 दुकानें हैं। इनमें से 32 का आबंटन किया जा चुका है। शेष के विक्रय का प्रस्ताव संपदा विभाग को भेजा गया है। दुकानों की नीलामी शीघ्र की जाएगी। बस आपरेटरों से शुल्क तथा दुकानदारों से बकाया किराया की वसूली के लिए नोटिस दिया गया है। बस संघ के पूर्व अध्यक्ष भंजन सिंह ने कहा है कि निगम का सहयोग किया जा रहा है।

### मेंटेनेंस पर ही 4 लाख तक का खर्चा

निगम का कहना है कि प्रति माह चार से पांच लाख का खर्च बस स्टैंड के बिजली, साफ-सफाई, गार्ड एवं मेंटेनेंस के मद में खर्च हो रहा है। इसलिए दुकानदारों पर किराया भी वर्तमान के हिसाब से लगाया जाएगा। निगम के मुताबिक बस स्टैंड की दुकानों से फिलहाल निगम को कुल 1.76 लाख रुपए, होटल से किराया 30 हजार रुपए, 18 आफिसों के किराए से 60 हजार रुपए प्रति माह आय होती है। इसमें हाइटेक बस स्टैंड के मेंटेनेंस व्यय में हर माह 3 लाख रुपए खर्च होते हैं। बिजली बिल पर 1 लाख 25 हजार रुपए, सफाई पर 60 हजार, सिक्यूरिटी गार्ड की सैलरी पर 32 हजार व अन्य खर्च होते हैं।

### सुधार किया जा रहा है

हाईटेक बस स्टैंड में 20 दुकानदारों को जगह खाली करने या फिर 3 साल से बकाया किराया जमा करने के लिए अंतिम नोटिस दिया गया है। इसके बाद दुकानों में सीलबंदी करते हुए नए सिरे से नीलामी की जाएगी। एक करोड़ 56 लाख रुपए में तिफरा स्थित हाईटेक बस स्टैंड को सुधार रहा है। इसमें उन्नत विद्युतीकरण, पानी के लिए पाइपलाइन, बिल्डिंग मरम्मत समेत रंग-रोगन किया जा रहा है।

- खजांची कुम्हार, अपर आयुक्त, ननि

---

# एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे छात्रों से मिले केंद्रीय मंत्री रेड्डी



**बिलासपुर।** केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने एसईसीएल की प्रमुख सीएसआर योजना सुश्रुत के तहत निशुल्क नीट कोचिंग प्राप्त करने के पश्चात एमबीबीएस कोर्स में पढ़ रहे विद्यार्थियों से मुलाकात की। इस योजना के अंतर्गत कोल बेल्ट क्षेत्र के मेधावी छात्रों को निशुल्क आवासीय कोचिंग प्रदान की जाती है।

मंत्री श्री रेड्डी ने कहा कि सरकार युवाओं को शिक्षा के माध्यम से सशक्त करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। रायपुर स्थित श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल में एसईसीएल की धड़कन योजना से लाभान्वित बच्चों और उनके परिवारों से भी मंत्री ने संवाद किया। इस योजना के तहत बच्चों को जन्मजात हृदय रोग (सीएचडी) के इलाज व सर्जरी की सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। श्री रेड्डी ने इस जीवनरक्षक पहल की सराहना की और कहा कि कोयला कंपनियां अपने परिचालन क्षेत्रों में स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के लिए कृतसंकल्पित हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, कोयला मंत्रालय की अपर सचिव रूपिंदर बरार, संयुक्त सचिव बीपी पति, कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद, एसईसीएल के अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन तथा केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# दुष्कर्म के आरोपी ने निगल लिया बोतल का ढक्कन, गंभीर हालत में सिम्स दाखिल

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी में दुष्कर्म के आरोपी ने बोतल का ढक्कन निगल लिया, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में पहले जिला अस्पलताल लगाया गया, जहां उसकी हालत को देखते हुए सिम्स रिफर कर दिया गया है। फिलहाल आरोपी की हालत नाजुक बताई जा रही है।

सिरगिट्टी पुलिस ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी हार्दिक खान को एफआईआर के तत्काल बाद गिरफ्तार किया था, उसपर आरोप है कि क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया था, जिसकी रिपोर्ट परिजनों ने थाने दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने दुष्कर्म सहित पास्को एक्ट का मामला दर्ज किया।



पुलिस की कार्रवाई से डरे सहमे आरोपी ने थाने में ही पानी की बोतल का ढक्कन निगल लिया। जानकारी मिलते ही आनन फानन में उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख सिम्स रिफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल भी अस्पताल पहुंचे। आरोपी हार्दिक खान का इलाज सिम्स में जारी है। खास बात यह है कि आरोपी पहले से ही शादीशुदा है और रेलवे के एक अधिकारी के घर पर ड्राइवर का काम करता है।।

### परिजनों ने मचाया हंगामा

जिला अस्पताल में आरोपी का इलाज किया जा रहा था, इस दौरान परिजनों ने इलाज कर रहे डाक्टर और स्टाफ के साथ हुज्जतबाजी की और हंगामा मचाना शुरू कर दिया। जिससे अस्पताल का माहौल काफी गर्म हो गया। परिजनों ने पुलिस और अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

---

## छात्रा की संदिग्ध मौत, दो दिन बाद भी नहीं मिला सुराग

**बिलासपुर।** सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम खांडा में बीएससी सेकेंड ईयर की छात्रा द्वारा आत्महत्या करने के मामले में दो दिन बाद भी पुलिस को सुराग नहीं मिल सका है।



बताया जा रहा है कि पुलिस ने छात्रा का मोबाइल फोन जब्त कर साइबर एक्सपर्ट के पास भेजा है, लेकिन आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लगाया जा सका है। सीपत के गांव खांडा में बुधवार को बीएससी सेकेंड ईयर की छात्रा ईशा मानिकपुरी (21) ने अपने ही घर के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। परिजनों के अनुसार ईशा ने रोज की तरह दोपहर को खाना खाने के बाद अपने कमरे में पढ़ाई करने गई थी, लेकिन शाम करीब साढ़े सात बजे तक जब वह बाहर नहीं आई तो कमरे की लाइट जलाने परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। कमरे में ईशा की लाश पंखे से लटकी मिली। घटना की सूचना सीपत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गुरूवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया।

---

# सामान्य सभा का प्रश्नकाल इस बार फिर सीवरेज और अवैध प्लाटिंग पर गरमाएगा



**बिलासपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा का प्रश्नकाल इस बार फिर सीवरेज योजना और अवैध प्लाटिंग पर गरमाएगा। इसके साथ ही टैक्स बढ़ोत्तरी, पीएम आवास नहीं मिलने से लेकर शहर में संचालित अवैध दुकानें, कचरा कलेक्शन, तालाबों का सौंदर्यीकरण, अरपा में बन रहे बैराज का काम, शहर में लग रहे जाम पर भी जमकर बहस हो सकती है। दरअसल 15 अप्रैल को होने वाली सामान्य सभा के लिए 11 अप्रैल शुक्रवार की दोपहर 12 बजे दृष्टि सभा कक्ष, विकास भवन में लाटरी निकाली गई। यह प्रश्नकाल एक घंटे का होगा। इसमें सबसे पहले भरत कश्प वार्ड क्रमांक 19, उसके बाद श्रीमती संतोषी रामा बघेल वार्ड क्रमांक 25, आशीष गुप्ता वार्ड क्रमांक 35 द्वारा प्रश्न पूछा जाएगा। इसके बाद भी समय बच गया तो दूसरे पार्षदों को मौका मिलेगा।

ध्यान रहे कि नई शहर सरकार की पहली सामान्य सभा 15 अप्रैल मंगलवार की सुबह साढ़े 11 बजे से पं देवकीनंदन दीक्षित सभा गृह (लाल बहादुर शास्त्री स्कूल) में होगी। इसके साथ ही एक घंटे का प्रश्नकाल भी होगा। इसमें नियमानुसार सभी पार्षदों से 2 प्रश्न 10 अप्रैल तक मंगाए गए थे। तय समय तक कुल 30 पार्षदों ने 60 प्रश्न पूछे हैं। इसमें भाजपा के 17 और कांग्रेस के 13 पार्षदों ने सवाल किया है। साफ है सदन में भाजपा के पार्षद ही सत्ता पक्ष को घेरेंगे। अधिकांश सवालों में पानी की समस्या, सड़क - नाली के साथ ही अवैध प्लाटिंग का मुद्दा है। इसके साथ ही अरपापार में जल समस्या और सफाई पर सवाल दागे जाएंगे।

### सभा में 9 एजेंडों पर चर्चा होगी

ज्ञात हो कि नगर निगम के चुनाव में इस बार 70 वार्डों में 49 भाजपा के, 18 पार्षद कांग्रेस के जीतकर आए हैं। 3 निर्दलीय भी जीते हैं। सामान्य सभा के दिन शुरू का एक घंटा प्रश्नकाल के लिए रिजर्व होगा। जिसमें एमआईसी मेंबर पार्षदों के सवालों का जवाब देंगे। इसके बाद सदन की कार्रवाई शुरू होगी। सामान्य सभा में 9 एजेंडों पर चर्चा होगी, जिसके बाद बहुमत से सभी प्रस्ताव पास किए जाएंगे। इसके बाद बजट पास किया जाएगा।

**सड़क, नाली के साथ ही टैक्स पर होंगे सवाल-** इसके साथ ही इस सामान्य सभा में रखे जाने वालो विषयों की सूचि भी जारी की गई है। इसमे पेयजल के साथ ही सड़क नाली के काम शामिल है। इसके साथ ही रिकाण्डों बस्ती चिंगराजपारा में व्यवसायिक परिसर निर्माण, अशोक नगर बिरकोना रोड चौड़ीकरण, गौरव पथ निर्माण कार्य, अरपा इंदिरा सेतु से राम सेतु तक अटल पथ निर्माण कार्य भी शामिल है। इसके अलावा अरपा नदी में पहुंच रहे नालियों के पानी को रोकथाम पर भी चर्चा होगी। इसके लिए ठेका कंपनी को काम दिए जाने का प्रस्ताव एमआईसी में पास किया गया है।

---

# एसएसपी ने विवेचकों की ली क्लास, दी हिदायत

**बिलासपुर।** शिकायतों की लंबित सूची को लेकर एसएसपी रजनेश सिंह सरकंडा थाने पहुंचे और विवेचकों की क्लास ली। इस दौरान उन्होंने लंबित मामले निपटाने, मामलों में साक्ष्य जुटाने और लंबित मामलों पर जांच कर कोर्ट भेजने का आदेश दिया। उन्होंने कहा की प्रार्थियों की शिकायत पर त्वरित मामला दर्ज किया जाए और मामलों को गंभीरता से लिया जाए।

एसएसपी रजनेश सिंह औचक निरीक्षण में सरकंडा थाने पहुंचे। इस दौरान सीएसपी, टीआई और सभी विवेचक मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि शिकायत पर कार्यवाई नहीं होने पर विवाद कई बार बढ़ते हैं, इसे लेकर उन्होंने विवेचकों को त्वरित कार्यवाही करने कहा। पुराने लंबित



मामले में पूरक चलान पेश कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि शिकायत पर जल्द से जल्द निराकरण किया जाना चाहिए। महत्पूर्ण साक्ष्य परीक्षण के लिए भेजे जाते हैं, लेकिन इसे शीघ्रता से प्राप्त नहीं किया जाता है। इसे लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि जून 2024 से लेकर अक्टूबर तक 44 लोगों के गुंडा फाइल खोली है और लगातार ऐसे लोगों पर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि अपराध में सबसे पहले प्रथम सूचना पंजीबद्ध किया जाना सुनिश्चित कर जांच करने के निर्देश दिए हैं, इससे अपराधियों के हौसले पस्त होते हैं और जल्द जांच होने से पार्थियों में न्याय के प्रति आस्था प्रदर्शित होती है।

---

## सूर्यवंशी समाज के जन प्रतिनिधियों का सम्मान कल

बिलासपुर। सूर्यवंशी समाज के तत्वावधान में राम ग्राफिक्स के सौजन्य से सूर्यवंशी समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह 13 अप्रैल को लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में होगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक होंगे। समारोह की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, कोटा विधायाक अटल श्रीवास्तव, मेयर पूजा विधानी, सूर्यवंशी समाज के जिला अध्यक्ष नंद किशोर डहरिया, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सीपत इंजी. रामेश्वर खरे, त्रिलोकी नाथ खरे, मनीष सेंगर, अरुना चंद्रप्रकाश सूर्या होंगी।

---

# नेता प्रतिपक्ष तय नहीं कर पाई कांग्रेस

**बिलासपुर।** आपसी विवाद और खींचतान के चलते कांग्रेस नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष का नाम भी तय नहीं कर पाई है। चुनाव के बाद पहली सामान्य सभा 15 अप्रैल को होने वाली है। वहीं कांग्रेस सामान्य सभा में पार्षदों के शामिल होने की बात कह रही है।

नगर पालिक निगम में 70 वार्ड हैं, जिसमें भाजपा के 49 और कांग्रेस के 18 पार्षद हैं। इनके अलावा 3 पार्षद निर्दलीय हैं। निगम में भाजपा के वरिष्ठ पार्षद विनोद सोनी को सभापति बनाया गया है, लेकिन कांग्रेस अभी तक निगम में पार्षद दल का नेता तय नहीं कर पाई है। इधर नगर निगम में प्रथम सामान्य सभा की घोषणा हो गई है और पार्षदों द्वारा प्रश्न भी लगाए जा रहे हैं। 15 अप्रैल को पहली सामान्य सभा होगी, जिसमें नगर निगम का वर्ष 2025-26 का वार्षिक आय-व्यय बजट पेश होगा, लेकिन इस सामान्य सभा में विपक्ष कांग्रेस पार्षद दल का नेतृत्व करने वाला नेता प्रतिपक्ष नहीं होगा। पिछले माह कांग्रेस पार्टी की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में रायपुर के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे नेता प्रतिपक्ष के लिए रायशुमारी करने यहां बिलासपुर आए थे। पर्यवेक्षक के समक्ष कांग्रेस पार्षदों में नेता प्रतिपक्ष बनने होड़ लग गई थी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रमोद दुबे कांग्रेस भवन में नवनिर्वाचित पार्षदों की बैठक लेने के बाद एक-एक पार्षद से बंद कमरे में वन टू वन बात कर उनकी राय जानने की कोशिश की थी। उन्होंने निगम में नेता प्रतिपक्ष सहित उप नेता एवं सचेतक के लिए पार्षदों से चर्चा की थी।

### मामला पीसीसी के पास

कांग्रेस पार्षद दल की ओर से नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त होना है। नेता प्रतिपक्ष का मामला प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पास है और वहां से नियुक्ति होनी है, इसलिए अभी होने वाले सामान्य सभा में कांग्रेस पार्षद दल सामूहिक नेतृत्व में शामिल होंगे।

-विजय केशरवानी
जिलाध्यक्ष, कांग्रेस

### पर्यवेक्षक ने की है रायशुमारी

नगर निगम में कांग्रेस पार्षदों में से नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पार्टी की ओर से पर्यवेक्षक आए थे और रायशुमारी कर गए थे। अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नेता प्रतिपक्ष नियुक्त होना है, तब तक वैकल्पिक रूप से किसी पार्षद को नेता प्रतिपक्ष भी बनाया जा सकता है।

-विजय पांडेय
शहर अध्यक्ष, कांग्रेस

---

# सीयू में पीएचडी प्रवेशः 15 से साक्षात्कार

**बिलासपुर।** गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट वीआरईटी के माध्यम से पीएचडी में प्रवेश दिया जाता है। वीआरईटी के नतीजे यूनिवर्सिटी ने पिछले माह ही घोषित कर दिए थे और अब पीएचडी में प्रवेश के लिए 15 अप्रैल से साक्षात्कार शुरू होगा। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीएचडी के 687 सीटों पर प्रवेश दिया जाना है जिसमें 314 सीटें इंट्रेंस टेस्ट के जरिए भरे जाएंगे।

■ इंट्रेंस टेस्ट माध्यम से भरे जाएंगे 314 सीट

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीएचडी में प्रवेश के लिए साक्षात्कार 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक लगातार तीन दिनों तक चलेगा और अलग-अलग डिपार्टमेंट में अलग-अलग तिथियों में साक्षात्कार होगा। यूनिवर्सिटी में इस बार रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट के लिए 27 जनवरी से 20 फरवरी तक आनलाइन आवेदन लिए गए थे। इसमें 1400 स्टूडेंटस ने रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट के लिए आवेदन किया था। यूनिवर्सिटी द्वारा 9 मार्च को रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट आयोजित किया गया था, जिसमें 850 स्टूडेंटस शामिल हुए थे, जबकि 550 स्टूडेंटस इंट्रेंस टेस्ट में अनुपस्थित रहे। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने मार्च माह में रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट के परिणाम घोषित किया गया था। यूनिवर्सिटी में पीएचडी के 687 सीटों में से 314 सीट इंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से भरे जाएंगे, जबकि 373 सीट एक्समप्टेड कैटेगरी वाले हैं जिसमें इंट्रेंस टेस्ट में बैठने की आवश्यकता नहीं है। यूनिवर्सिटी के हिन्दी, इंग्लिश, इलेक्ट्रानिक्स, कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इन्फार्मेशन टेक्नालाजी, केमिकल इंजीनियरिंग, इण्डस्ट्रीयल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, एंथ्रोपोलाजी एंड ट्राईबल डेव्हलपमेंट, बॉटनी, जूलाजी, कामर्स, मैनेजमेंटस स्टडी, मैथ्समेटिक, फार्मेसी, केमेस्ट्री, इकानॉमिक्स, हिस्ट्री, एजुकेशन, फिजिकल एजुकेशन, बायोटेक्नालाजी, रूरल टेक्नालाजी एंड सोशल डेव्हलपमेंट, फोरेसिंक साइंस, लॉ आदि डिपार्टमेंट में पीएचडी में प्रवेश दिया जाएगा।

---

## पार्षद तिवारी ने विकलांग लव को दिलाई ट्राई साइकिल

**बिलासपुर।** वार्ड 32 शहीद विनोद चौबे के मसानगंज निवासी लव यादव का कुछ समय पहले एक ट्रेन दुर्घटना में पैर कट गया। उन्हें रोजाना आने-जाने एवं चलने में काफी दिक्कतों एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने पार्षद अमित तिवारी से संपर्क किया और ट्राई साइकिल देने का निवेदन किया। जिस पर तत्काल जिला पुनर्वास विभाग के संबंधित अधिकारी से संपर्क कर पार्षद द्वारा लिखित आवेदन पत्र के माध्यम से उनसे निवेदन किया गया। तत्पश्चात दो दिन बाद लव यादव के दिनचर्या को सुगम बनाने के लिए शासन द्वारा ट्राई साइकिल दिलवाई गई। इसके लिए संबंधित अधिकारी का भी धन्यवाद व्यापित किया गया।

---

# साइबर अपराध के लिए आरोपियों ने दिया अकाउंट

**बिलासपुर।** साइबर अपराधियों के रूपए की हेरफेर के लिए अपना बैंक एकाउंट ठगों को देने के आरोप में 5 आरोपियों पर जिले की पुलिस ने शिकंजा कसते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

क्राईम पोर्टल में रिपोर्टेड म्यूल बैंक अकाउंट की जांच के लिए रेंज साइबर थाना को निर्देशित किया गया था। इस दौरान नेशनल साइबर क्राईम पोर्टल में संदिग्ध्य बैंक खातों की पड़ताल की गई, जिसमें म्यूल बैंक अकाउंट की जांच की बात सामने आई है। जांच के दौरान पीड़ितों की पहचान कर उनसे घटना के संबंध में जानकारी एकत्र की गई। साइबर क्राईम पोर्टल की रिपोर्ट, बैंक खाता में हुए ट्रांजेक्शन, एक ही व्यक्ति के अधिक बैंक अकाउंट एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य के आधार पर बैंक अकाउंट खुलवाने तथा अकाउंट का डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग, फर्जी ऐप, क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट, गूगल रिव्यू टास्क, टेलीग्राम टास्क, बैंक केवाईसी अपडेट एवं गूगल सर्च जैसे साइबर अपराध में उपयोग करने वाले लोगों को चिन्हांकित किया गया। साइबर थाने व एसीसीयू की संयुक्त टीम ने तकनीकी जानकारी के आधार पर संभावित ठिकानों में दबिश देकर 5 आरोपियों गिरफ्तार किया है और उन्हें जेल भेज दिया गया है।

■ 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

### क्या है म्यूल अकाउंट

ये वे बैंक अकाउंट्स होते हैं जिनका इस्तेमाल साइबर अपराधी ठगी के पैसों को ट्रांसफर करने के लिए करते हैं। सामान्य भाषा में कहें तो साइबर अपराधी आम लोगों से ठगे हुए पैसों को अपने अकाउंट में ट्रांसफर नहीं करते हैं। वे इन पैसों को पहले किसी म्यूल अकाउंट में ट्रांसफर करते है, पूरी प्रक्रिया एक चेन की तरह काम करती है, जिससे ठगी के पैसों को ट्रैक कर पाना मुश्किल हो जाता है।

---

# कानन में दहाड़ेगा ग्वालियर का व्हाइट टाइगर

बिलासपुर। ग्वालियर जू के व्हाइट टाइगर की दहाड़ अब कानन पेण्डारी जू में सुनाई देगी। कानन प्रबंधन ने ग्वालियर जू से व्हाइट टाइगर की मांग की है, जिसके एवज में कानन जू से ग्वालियर जू को भालू और चौसिंघा दिया जाएगा।

कानन पेण्डारी जू को मीडियम जू का दर्जा सीजेडए से मिल गया है। कानन जू में 750 से अधिक शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणी हैं, जिसमें कई वन्यप्राणियों की संख्या जरूरत से अधिक है। सीजेडए के नियमानुसार एक जू से दूसरे जू में वन्यप्राणियों का अदान प्रदान करने की प्रक्रिया है। इसके तहत कानन जू में पहले भी दूसरे जू से वन्यप्राणियों को दिए जाने और लाने का कार्य किया गया है। इसी तरह अब ग्वालियर जू से व्हाइट टाइगर लाने का निर्णय लिया गया है। कानन प्रबंधन के अनुसार वर्तमान में कानन पेण्डारी जू में टाइगर की संख्या पर्याप्त है, जिसमें मादा और नर मिलाकर तीन व्हाइट टाइगर और सात बंगाल टाइगर सहित संख्या 10 है। इसमें अब बढ़ोत्तरी की जा रही है, जिसके तहत अब एक नर व्हाइट टाइगर को ग्वालियर जू से लाने के लिए चर्चा हो रही है। इस व्हाइट टाइगर के ग्वालियर से बिलासपुर के कानन पेण्डारी में आने के बाद टाइगर की संख्या 10 से बढ़कर 11 में पहुंच जाएगी।



जीवेत शरदः शतम्
मान. श्री लखनलाल देवांगन जी
वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री
को जन्मदिवस की
बहुत-बहुत बधाई एवं
ढेर सारी शुभकामनाएं...
प्रेमचंद पटेल-विधायक, कटघोरा
मन्नू साईं राठौर
हरदीबाजार
दुष्यंत शर्मा
विधायक प्रतिनिधि
रघुराज सिंह उईके
मुकेश जायसवाल
दिलीप पटेल
छोटेलाल पटेल
आकाश राठौर
व्यास राठौर
यशवंत (राजू) राठौर
श्रवण यादव
सानिध्य सोलंकी
विनीत-समस्त भाजपा कार्यकर्ता कटघोरा विधानसभा क्षेत्र, जिला-कोरबा (छ.ग.)




जीवेत शरदः शतम्
मा. लखन लाल देवांगन जी
वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री छ.ग. शासन को
जन्मदिन
हार्दिक बधाई
शुभकामनाएँ...




जीवेत शरदः शतम्
श्री लखनलाल देवांगन जी
वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
नरेन्द्र पाटनवार
पूर्व मंडल अध्यक्ष
दुष्यंत शर्मा
विधायक प्रतिनिधि

## खबर संक्षेप



### विधायक ने कोयला मंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

**हरदीबाजार।** जिले के मेगा कोयला खदानों के निरीक्षण पर पहुंचे केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी से कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने गेवरा में मुलाकात कर क्षेत्र में एसईसीएल से विस्थापित ग्रामों के बसाहटों की दूर्दशा, मूलभूत सुविधाएं की समस्याओं से अवगत कराया और मांग रखी कि खदान विस्तार में अधिग्रहित ग्रामों का आंशिक अधिग्रहण न कर पूर्ण अधिग्रहण करें, विस्थापित गांवों को पूर्ण व सर्वसुविधायुक्त बसाहट दें। क्षेत्र प्रदूषण, पानी और हैवी ब्लास्टिंग से ग्रसित है जिसके लिए सभी खदानों के प्रभावित गांवों की एसईसीएल प्रबंधन संज्ञान लेकर त्वरित निर्णय लेकर कार्य करें। इस पर कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने अधिकारियों से चर्चा करने व समस्या निराकरण करने विधायक प्रेमचंद पटेल को आश्वस्त किया।

### छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने पत्रकार रोहरा को दी श्रद्धांजलि



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार लेखक व कवि सुरेश चंद्र रोहरा के आकस्मिक निधन पर ट्रांसपोर्ट नगर स्थित अखबार वितरण केंद्र पर पत्रकार सुरेश चंद्र रोहरा के सम्मान में 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा ईश्वर के चरणों में स्थान मिले प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि सभा में संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा, प्रदेश संरक्षक पदम सिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, जिला सचिव जय कुमार नेताम, लक्ष्मी राठौर, सह सचिव राय सिंह, मीडिया प्रभारी अनिल गिरी ,कृष्ण कुमार निर्मलकर ,रामा, यश नेताम उपस्थित थे।

### नपाप अध्यक्ष ने वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमि पूजन



**बांकीमोंगरा ।** बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद अध्यक्षा श्रीमती सोनी विकास झा ने वार्ड क्रमांक 20, 24, 25, 27, 28, 30 में विभिन्न विकास कार्यो का भूमि पूजन किया। जिनमें वार्ड क्रमांक 20 सीसी रोड निर्माण, आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 24 सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 27 सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 25 सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 30 में सीसी रोड निर्माण शामिल है। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से बांकीमोगरा नगर पालिका परिषद अध्यक्षा श्रीमती सोनी विकास झा, छत्तीसगढ़ भाजपा युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष विकास झा, बांकीमोंगरा मंडल अध्यक्ष उदय प्रसाद, बबलू डहरिया, वार्ड क्रमांक 30 पार्षद राहुल केवट, वार्ड क्रमांक 24 पार्षद राजकुमार कंवर, वार्ड क्रमांक 28 पार्षद श्रवण कुमार यादव अभिलाष यादव सहित बड़ी संख्या में विभिन्न वार्डों के महिलाएं एवं पुरुष सम्मिलित हुए।

### नाथूलाल सीआईएल की मानकीकरण समिति से हटे, एचएमएस ने पाण्डेय को किया नामित

**कोरबा।** एचएमएस से सम्बद्ध हिंद खदान मजदूर महासंघ के अध्यक्ष नाथूलाल पाण्डेय ने सीआईएल की मानकीकरण समिति से अपना नाम वापस ले लिया है। अध्यक्ष नाथूलाल पाण्डेय ने अपने स्थान पर महासचिव, एचएमएस से सम्बद्ध कोलियरी मजदूर कांग्रेस के महासचिव शिवकांत पाण्डेय को मानकीकरण समिति में सदस्य के रूप में नामित किया है। नाथूलाल पाण्डेय द्वारा 10 मार्च को ही इस संदर्भ में कोल इंडिया के निदेशक को पत्र भेज दिया था। नाथूलाल पाण्डेय ने मानकीकरण समिति से हटने का कारण स्वस्थ्य और कार्य का अधिक भार होना बताया है। नाथूलाल पाण्डेय के पत्र के बाद 7 अप्रेल को हिंद मजदूर सभा के महासचिव हरभजन सिंह सिद्धू ने कोल इंडिया के निदेशक को पत्र भेजकर मानकीकरण समिति में शिवकांत पाण्डेय को नामित किए जाने की जानकारी दी।

## पूर्व में समितियों के खराब क्वालिटी के पत्तों की नहीं होती थी खरीदी

# कोरबा कटघोरा वनमंडल के हरे सोने की शत प्रतिशत हुई खरीदी, मई में शुरु होगा संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा और कटघोरा मंडल के हर सोने की पहली बार ठेकेदारों ने मुंह मांगी दर पर खरीदी की है। पूर्व में ऐसा होता था कि कई समितियां के खराब पत्ते होने की वजह से ठेकेदार खरीदने में रुचि नहीं लेते थे और वन विभाग को विभागीय तौर पर पत्तों का संग्रहण करना पड़ता था लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है कि कोरबा और कटघोरा वन मंडल के हरे सोने के सभी समितियों के तेंदू पत्तों को ठेकेदारों ने खरीद लिया है। अब महज 15 दिन बाद जंगल में अलसुबह आदिवासी परिवारों के द्वारा तेंदू पत्तों का संग्रहण कार्य किया जाएगा।



फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि कोरबा और कटघोरा वन मंडल के तेंदू पत्ते की डिमांड हर वर्ष बड़े पैमाने पर रहती है लेकिन अक्सर देखने को मिलता था कि कई समिति के तेंदू पत्ते जिनकी क्वालिटी बेहतर नहीं होती थी उन समितियां के तेंदूपत्ता को ठेकेदार खरीदने में रुचि नहीं लेते थे और कई बार नीलामी के बाद भी उन पत्तों की खरीदी नहीं हो पाती थी। जिसके चलते हर बार कम से कम 4 से 5 समिति के तेंदू पत्ते का संग्रहण करने के लिए विभाग को मशक्कत करनी पड़ती थी और वन विभाग को इन समितियों का विभागीय संग्रहण कराना पड़ता था लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है कि कोरबा और कटघोरा वन मंडल के शत प्रतिशत सभी समितियां के तेंदूपत्ते की खरीदी ठेकेदारों ने कर ली है। बाकी वर्ष की अपेक्षा इस बार दोनों वन मंडल के तेंदूपत्ते की नीलामी अधिक दर पर ठेकेदारों ने की है। जिससे ठेकेदारों द्वारा अब मई माह के पहले सप्ताह में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू कराया जाएगा। इसके लिए वन विभाग भी तैयारी शुरू कर दी है। यदि मौसम ठीक-ठाक रहा तो इस बार संग्रहण लक्ष्य को आसानी से पूरा कर लिया जाएगा। बताया जाता है कि कोरबा और मंडल में 53 हजार 800 मानक बोरा तेंदू पत्ते का संग्रहण लक्ष्य किया जाना है। जबकि कटघोरा वन मंडल में 76 हजार 300 मानक बोरा तेंदू पत्ते का संग्रहण किया जाना है। संभवतः दो-तीन मई से दोनों दोनों वन मंडल के आदिवासी परिवार तेंदूपत्ता का संग्रहण कार्य शुरू किया जाएगा।

### कोरबा में किस समिति को कितने में की गई है खरीदी

कोरबा वन मंडल के 34 समितियों को ठेकेदारों ने ऑनलाइन नीलामी में खरीदी की है जिसमें उरमेली 5291, सोहागपुर 3529, चिकनीपाली 5959, सेन्द्रीपाली/नोनबिर्रा 7704,बेहरचुवां 7069,रामपुर 8319,नोनदरहा/चारमार 7189,बड़मार/करतला 10093 , कोटमेर 8855,पुरैना 3969, सरगबुंदिया/भैसमा 3223, बुंदेली 7999, कोई 9494 चचिया 9239,कुदमुरा 8099, बरपाली 8181, कोल्गा-अ 10093, कोल्गा-ब 9859,पसरखेत 9499,,बताती 8859, रजगामार 9059, कोरबा 7339, जामबहार 8611, बेला 9239, ठाकुरखेता 10409, गिरारी 8601, लबेद 8799, गुरमा 9499, श्यांग 9499, विमलता 11009, चुईया 8639, अजगरबहार/सतरेंगा 9299, गढ़ 10195, लेमरू 1110 प्रति मानक बोरा की दर से खरीदी की गई है।

### कटघोरा में किस समिति को कितने में की गई है खरीदी

कटघोरा वन मंडल के 44 समितियों को ठेकेदारों ने ऑनलाइन नीलामी में खरीदी की है जिसमें मुरली 4389, उतरदा 4489, मुडापार 2520, बिरदा 2520, हरदी बाजार 2520, दीपका 2520, रतिजा 7569, तिवरता 4488, बांधाखार 4686, नुनेरा 7569, पाली 7559, बक्साही 5021, पोंड़ी 6609, सिल्ली 7579, बतरा 7409, कोडार 8609, जेमरा 8609, लाफा 7507, बारीउमराव 9106, राहा 9106, चटुवाभौना 8109, ईरफ 7979, मानिकपुर 5489, बांकी 3529, छुरी 7129, कटघोरा 7129, तानाखार 8719, विंझरा 6819, रावा 9795, तुमान 9795, गुरसियां 9199, वांधापारा 9556, मोरगा 11609, मदनपुर 11609, चोटिया 8949, जटगा 8703, अमलीकुंडा 8339, सेमरा 7979, पसान 8879, जल्के तनेरा 8849, पिपरिया 7651, सिरमिना 6100 , लाद कोरवी 8419, पाली बुढापारा 4717 प्रति मानक बोरा की दर से खरीदी की गई है।

# अलग-अलग सड़क हादसे में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अलग-अलग थाना क्षेत्र के दो सड़क हादसों में एक युवक की तो एक वृद्ध की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है वहीं पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र के में घटित हुई है। गुरुवार की रात उरगा से कुछ सामान लेकर घर वापस लौट रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गया था जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल कोरबा में भर्ती कराया गया था। बताया जाता है कि उरगा थाना क्षेत्र के भिलाईखुर्द निवासी सुजल साहू गुरुवार की रात मोटर सायकल में सवार होकर जा रहा था कि कोरबा चांपा मुख्य मार्ग में सुजल साहू को एक अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में लिया जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जहां स्थानीय लोगों की मदद से मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गइ। मामले में जिला अस्पताल पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वहीं उरगा पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले चालक की खोजबीन शुरु कर दी है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दुर्घटनाकारित वाहन चालक की पतासाजी कर रही है। जबकि दूसरी घटना मोरगा चौकी क्षेत्र की है। यहा निवासरत ग्राम पतुरियाडांड निवासी श्रीनाथ पैकरा उम्र 65 वर्ष पिता स्व. बोधराम पैकरा सड़क हादसे का शिकार हो गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। बताया जाता है कि श्रीनाथ बस में सवार होने के लिए मदनपुर आया हुआ था जहां से पैदल जा रहा था कि इसी दौरान एक गैस से भारी वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे श्रीनाथ पर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय राहगिरों ने डायल 112 की मदद से श्रीनाथ पर को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। मामले में जिला अस्पताल पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं दुर्घटना को अंजाम देने वाले भारी वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### खास बात

- उरगा थाना व मोरगा चौकी की घटना

# आमजन की समस्याओं से रूबरू होने बस्तियों में पहुंची महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर आमजन की समस्याओं से रूबरू होने तथा उनके निराकरण के लिए विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने निगम के वार्ड क्र. 1, 2 एवं 14 की विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों में पैदल भ्रमण करते हुए वहाँ के नागरिकों से भेंट मुलाकात की, पानी, बिजली, साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं व विकास से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली तथा इनके त्वरित निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

महापौर ने पार्षदों, जनप्रतिनिधियों व निगम के अधिकारियों के पटेलपारा, फोकटपारा, इंदिरा नगर, सांई मोहल्ला, रामसागरपारा, शासकीय स्कूल के पीछे मोहल्ला, अमरैयापारा, शारदाविहार सहित अन्य बस्तियों व मोहल्लों का दौरा किया। इस दौरान महापौर बिजली, पानी व साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से अवगत हुई तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कुछ बस्ती के निवासियों ने महापौर से बस्तियों के आखिरी छोर पर पानी का प्रेशर कम होने जैसी समस्याएं बताई, जिस पर महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बस्तियों के आखिरी छोर तक पानी का पर्याप्त प्रेशर बने तथा लोगों को उनकी आवश्यकतानुसार पेयजल की आपूर्ति उपलब्ध हो सके, इस दिशा में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही करें।

### जनसमस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण

इस मौके पर महापौर ने बस्तीवासियों से कहा कि आपकी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण कराए जाने हेतु निगम प्रशासन पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी इस दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनसमस्याओं के निराकरण हेतु सुशासन तिहार का आयोजन भी हो रहा है तथा यह प्रयास किया जा रहा है कि आपकी सभी विकासपरक समस्याओं का निराकरण त्वरित रूप से किया जा सके। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने शहर की स्वच्छता व निगम के साफ-सफाई कार्यो में सबके सहयोग का आग्रह भी किया।

### राज्य स्तरीय हॉकी स्पर्धा 18 से 20 तक, जिले के खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**कोरबा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल मैदान बालको में राज्य स्तरीय हॉकी स्पर्धा का आयोजन 18 से 20 अप्रैल तक किया जाएगा। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ प्रदेश के राजनांदगांव जिला सहित अनेक जिलों के खिलाड़ी शामिल होंगे। स्पर्धा का उद्घाटन 18 अप्रैल को संध्या 5 बजे होगा। राज्य हॉकी संघ के मार्गदर्शन में जिला हॉकी संघ कोरबा द्वारा हॉकी खिलाड़ियों की स्पर्धा को आगे बढ़ाने के लिए बालको के खेल मैदान में प्रदेश स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राजनांदगांव, महासमुंद, रायगढ़, ओडिया, बिलासपुर, जांजगीर-चाम्पा सहित अनके जिलों की टीमें हिस्सा लेंगी। तीन दिन तक चलने वाले आयोजन को लेकर बालको हॉकी संघ और जिले के हॉकी खिलाड़ियों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। आयोजन में हॉकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष फिरोज अंसारी, महासचिव मनीष श्रीवास्तव सहित प्रदेश के राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी शामिल होंगे।

# केन्द्र सरकार को लाभांश देने के मामले में कोल इंडिया टॉप पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कोल इंडिया लिमिटेड विश्व की सबसे बड़ी कोयला उत्पादन कंपनी है। सीआईएल ने वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 781.06 मिलियिन टन कोयल उत्पादन किया है।

केन्द्र सरकार का खजाना भरने में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में कोल इंडिया लिमिटेड टॉप पर है। सीआईएल ने खत्म हुए वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 10,252.09 करोड़ रुपए का लाभांश दिया है। यहां बताना होगा कि कोल इंडिया लिमिटेड विश्व की सबसे बड़ी कोयला उत्पादन कंपनी है। सीआईएल ने वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 781.06 मिलियिन टन कोयल उत्पादन किया है। केन्द्र सरकार को वित्तीय वर्ष 2024- 25 में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों से 74,016.68 करोड़ रुपये का लाभांश प्राप्त हुआ है। केन्द्र सरकार को 2023- 24 में 63,749.29 करोड़ रुपए का लाभांश मिला था। इसमें 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। लाभांश देने के मामले में कोल इंडिया के बाद दूसरे स्थान पर राज्य के स्वामित्व वाली तेल और गैस की दिग्गज कंपनी ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन है। ओएनजीसी ने 10,001.97 करोड़ रुपए का डिविडेंड दिया है। भारत की शीर्ष ईंधन खुदरा विक्रेता कंपनी इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड ने 5,090.54 करोड़ रुपए, पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और एनटीपीसी लिमिटेड ने क्रमशः 4,824.59 करोड़ रुपए और 4,088.16 करोड़ रुपए का योगदान दिया है। पिछले एक दशक में सीपीएसयू से लाभांश संग्रह में वृद्धि का देखने को मिली है। 2021- 22 में सरकार को सीपीएसयू से 59,294 करोड़ रुपए मिले थे। 2022- 23 में 59,533 करोड़ रुपए की मामूली वृद्धि हुई थी, लेकिन 2023- 24 में यह आंकड़ा बढ़कर 63,749.29 करोड़ रुपए पर पहुंच गया था।

# तीन वर्ष से अटकी थी रोजगार गारंटी की राशि, जनपद उपाध्यक्ष ने कराया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला विकासखंड की ग्राम पंचायत रोगदा (नवलपुर) मे अपने जनपद क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच पहुंचे जनपद पंचायत करतला के उपाध्यक्ष मनोज झा लोगों के बीच जाकर जनसंपर्क किया जिसमें ग्रामीणों द्वारा उनको कई समस्याएं बतलाई गई जिसमे ग्राम पंचायत रोगदा के आश्रित ग्राम नवलपुर मैं तीन वर्षों से ग्रामीणों द्वारा रोजगार गारंटी के तहत कार्य किया गया था जिसकी राशि उनको प्राप्त नहीं हुई थी इसकी शिकायत जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा से की गई ग्रामीणों ने बताया कि 30 से अधिक लोगों की रोजगार गारंटी की राशि उनके खाते में नहीं पहुंची है तब इसका त्वरित निराकरण करते मौके पर ही चंद्रा पीओ रोजगार विभाग करतला को इसकी जानकारी दी गई तथा रोजगार सहायक को बुलाकर इस शिकायत की जानकारी मांगी जिसका निराकरण करते हुए रोजगार सहायक ने कहा कि कई खातों में आधार सिडिंग ना होने के कारण रुका हुआ है।



# जहर खाकर युवक ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अज्ञात कारणों के चलते एक 23 वर्षी युवक ने अपने घर में रखें किसी कीट नाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था, जब उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक ने किन कारणों के चलते या आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है, फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुदारी निवासी राजेश उरांव उम्र 23 वर्ष पिता स्व सोनालाल उरांव ने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जब राजेश की तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजनों को पता चला कि राजेश ने जहर सेवन कर लिया है। आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे जहां उसका उपचार चल रहा था। शुक्रवार की तड़के राजेश की मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## 10 हजार से अधिक माताओं को किया गया सशक्त

# बालको की आरोग्य परियोजना से मातृ व शिशु स्वास्थ्य में आया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपनी स्वास्थ्य परियोजना 'आरोग्य' के तहत स्वास्थ्य जांच, पोषण परामर्श और जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से 10 हजार से अधिक माताओं को सशक्त बनाकर स्वास्थ्य सेवा में बदलाव लाया है। बच्चों के विकास वर्षों में स्वस्थ आहार की भूमिका पर जोर देते हुए बालको ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण संबंधी कमियों को दूर कर रहा है।



आरोग्य परियोजना बच्चों को पोषण स्थिति के आधार पर उन्हें वर्गीकृत करने के लिए स्वास्थ्य जांच प्रदान करता है। कुपोषित बच्चों की पहचान कर, माताओं के साथ 12-दिवसीय पीडी हर्थ (पोषित आहार पुनर्वास केंद्र) सत्र आयोजित किए जाते हैं। इस अभियान से बच्चे के पोषण और समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सफलता मिली है। सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले स्वास्थ्य पूरक टेक होम राशन (टीएचआर) का उपयोग करके व्यंजन बनाना सिखाया जाता है। विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों और स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से कंपनी ग्रामीण समुदाय में स्थायी स्वास्थ्य प्रथाओं का पोषण कर रही है। भारत सरकार द्वारा मातृ एवं शिशु की देखभाल के लिए शुरू की गई 'पोषण माह' पहल के अनुरूप बालको जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण संबंधी सहायता एवं जागरूकता प्रदान करता है।विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से कंपनी ग्रामीण समुदायों में सस्टेनेबल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा दे रहे है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी स्वास्थ्य पहल को प्राथमिकता देती है क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य मजबूत समुदाय की नींव है। स्वस्थ माताएं और बच्चे राष्ट्र के विकास की रीढ़ होते हैं। कंपनी स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए, सभी तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच और जागरूकता को बढ़ावा दिया है। विभिन्न पहल के माध्यम से हम एक मजबूत, समावेशी चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाया है। हम समुदायिक भलाई एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध हैं। खटियापारा गांव की निवासी नेहा साहू बताती हैं कि एक मां के रूप में मैं अपने बच्चे को पोषण देने के लिए तैयार नहीं थी, क्योंकि हर बच्चे की पोषण संबंधी ज़रूरतें अलग-अलग होती हैं। जब मेरी छोटी बच्ची को मध्यम तीव्र कुपोषण का पता चला तब मैंने बालको द्वारा आयोजित पीडी हर्थ सेशन में सक्रिय रूप से भाग लेना शुरू किया। इससे मेरे बच्चे के वजन में वृद्धि तथा सकारात्मक स्वास्थ्य सुधार देखने को मिला। जागरूकता अभियान के ज़रिए मैंने जो जानकारी प्राप्त की, अब उसे मैं हर किसी से साझा करती हूँ। बालको ने एक डिजिटल सीरीज़ भी शुरू किया है जो माताओं को कुपोषण से उबरने के लिए ज़रूरी टिप्स देती है। इसके साथ ही कंपनी नंदघर के ज़रिए बच्चों की स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान करता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 17,000/-

8 रात व 9 दिन

EX हरिद्वार

चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री

02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025

राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करेंः-7354-411411